कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग अम्बेडकरनगर

पत्रांक 1700/14–9, दिनांक, अम्बेडकरनगर, दिसम्बर, 28 /2016

सेवा में,

प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल),
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड,
बैतालपुर, देवरिया–274201.

विषयः– जनपद अम्बेडकरनगर में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गोशाईगंज–रनीवॉं मार्ग (गोशाईगंज–भीटी मार्ग) के किमी0 1–2 के मध्य दायीं पटरी पर ग्राम महमदपुर, तहसील–भीटी,, अम्बेडकरनगर के गाटा संख्या–215 में प्रस्तावित पेट्रोल/डीजल पम्प के रिटेल आउटलेट तक आने–जाने में प्रभावित 0.064458 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर–वानिकी प्रयोग एवं बाधक 05 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।

सन्दर्भः– विशेष सचिव, उ0प्र0शासन का पत्र संख्या पी–176/14–2–2016–800 (175)/2016, दिनांक 22–12–2016.

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गोशाईगंज–रनीवॉं मार्ग (गोशाईगंज–भीटी मार्ग) के किमी0 1–2 के मध्य दायीं पटरी पर ग्राम महमदपुर, तहसील–भीटी,, अम्बेडकरनगर के गाटा संख्या–215 में प्रस्तावित पेट्रोल/डीजल पम्प के रिटेल आउटलेट तक आने–जाने में प्रभावित 0.064458 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर–वानिकी प्रयोग एवं बाधक 05 वृक्षों के पातन की कतिपय शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है। अतः उक्त विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्र के अनुपालन में बिन्दु संख्या–7 के अनुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन0पी0वी0) एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि ई–पेमेन्ट पोर्टल के माध्यम ई–चालान द्वारा ही जमा कराया जाना है। अतः निम्न प्रकार धनराशि आप द्वारा कैम्पा में जमा किया जाना अपेक्षित है–

क0 सं0	धनराशि का मद	कुल क्षे0 हे0 में	दर प्रति हे0 रू0 में	कुल धनराशि रू0में
1	2	3	4	5
1	संरक्षति वन भूमि का नेट प्रेजेन्ट वैल्यू (एन0पी0वी0)	**0.064458**	**626000/**	**40351.00**
2	क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि (100 पौध)	**0.16**	—	**47260.00**

यह मूल्य अंतरिम है। शासन द्वारा अन्तिम दरें तय किए जाने पर अतिरिक्त धनराशि ई–पेमेन्ट पोर्टल के माध्यम से देय होगी। संदर्भित पत्र द्वारा अपेक्षित शेष अन्य बिन्दुओं की अनुपालन आख्या एवं उपरोक्त धनराशि जमा किए जाने की पावती रसीद सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः संदर्भित पत्र की छायाप्रति।

भवदीय,

(ए0के0 शुक्ला)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग अम्बेडकरनगर

पत्रांक व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) उ0प्र0, लखनऊ।
2– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।
3– वन संरक्षक, सरयू वृत्त, उ0प्र0, फैजाबाद।

(ए0के0 शुक्ला)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग अम्बेडकरनगर